# कार्यालय अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्र सं0: 388/शैक्षिक/द्वि.श.प./2024 दिनांकः 25/07/2024

## :: सूचना ::

**द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत् बी0टेक0 छात्रों के शाखा परिवर्तन सम्बन्धी**

विश्वविद्यालय के बी0टेक0 अध्यादेश के अनुरूप बी0टेक0 प्रथम वर्ष में शैक्षिक सत्र 2023–24 में प्रवेश प्राप्त छात्र/छात्राओं को बिना कैरीओवर के बी0टेक0 प्रथम वर्ष की परीक्षा विगत शैक्षिक वर्ष में उत्तीर्ण कर द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत् होने पर उनके बी0टेक0 प्रथम वर्ष के प्राप्तांक के आधार पर शाखा अन्तर परिवर्तन अनुमन्य किया जाना है। इस सन्दर्भ में बी0टेक0 अध्यादेश में की गई व्यवस्था निम्नवत है :

1. आरक्षित वर्ग के छात्र/छात्रा उनसे सम्बन्धित आरक्षित श्रेणी एवं सामान्य अनारक्षित सीटों पर शाखा परिवर्तन हेतु अर्ह होंगे।

2. Economically Weaker Section (EWS) वर्ग के छात्र/छात्रा EWS श्रेणी की रिक्त सीटों के साथ–साथ सामान्य अनारक्षित सीटों पर शाखा परिवर्तन हेतु अर्ह होंगे।

3. Tuition Fee-Waiver (TFW) प्राप्त छात्र/छात्रा रिक्त TFW सीटों पर शाखा परिवर्तन कर सकेंगे। इन TFW सीटों के अतिरिक्त अन्य रिक्त सीटों पर शाखा परिवर्तन इस शर्त के साथ अनुमन्य होगा कि उन्हें प्राप्त शिक्षण शुल्क में दी गयी छूट समाप्त कर दी जायेगी। TFW छात्र/छात्रा यदि किसी आरक्षित श्रेणी के हैं तो उक्त आरक्षित श्रेणी के साथ–साथ सामान्य अनारक्षित रिक्त सीटों पर भी शाखा परिवर्तन कर सकते है।

बी0टेक0 पाठ्यक्रम की विभिन्न शाखाओं के अन्तर्गत संवर्ग विशेष में वर्तमान में उपलब्ध रिक्तियों (दिनांक 24.07.2024 को आधार मानते हुये) का विवरण निम्नवत् है:–

**Tentative Vacant Seat (Home State)****

| S. No. | Branch | OPEN | EWS | SC | ST | OBC | TFW | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Computer Science and Engineering | 6 | - | 1 | - | - | - | 7 |
| 2 | Information Technology | 6 | - | - | - | - | - | 6 |
| 3 | Electronics Engineering | 8 | 1 | 1 | - | 2 | - | 12 |
| 4 | Electrical Engineering | 13 | 1 | - | 1 | 3 | - | 18 |
| 5 | Civil Engineering | - | - | - | - | - | - | - |
| 6 | Mechanical Engineering | 1 | 1 | 1 | - | 1 | - | 4 |
| 7 | Chemical Engineering | - | 1 | - | - | 1 | - | 2 |
| 8 | Biochemical Engineering | - | - | - | - | 1 | 3 | 4 |
| 9 | Food Technology | - | - | - | - | - | - | - |
| 10 | Leather Technology | 1 | - | - | - | - | 1 | 2 |
| 11 | Oil Technology | 2 | - | - | - | - | 1 | 3 |
| 12 | Paint Technology | 2 | - | - | - | - | - | 2 |
| 13 | Plastic Technology | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| | **Total** | **39** | **4** | **3** | **1** | **8** | **6** | **61** |

## Tentative Vacant Seat (All India)*

| S. No. | Branch | Vacant Seat |
|---|---|---|
| 1 | Computer Science and Engineering | - |
| 2 | Information Technology | - |
| 3 | Electrical Engineering | - |
| 4 | Electronics Engineering | - |
| 5 | Civil Engineering | - |
| 6 | Mechanical Engineering | - |
| 7 | Chemical Engineering | - |
| 8 | Food Technology | 3 |
| 9 | Leather Technology | 1 |
| 10 | Biochemical Engineering | 3 |
| 11 | Oil Technology | 2 |
| 12 | Paint Technology | 1 |
| 13 | Plastic Technology | 3 |
| | **Total** | **13** |

***अन्य प्रदेशों से सम्बन्धित छात्र केवल All India सीट हेतु ही अर्ह होंगे।**

**** No. of Vacant Seat may change due to cancellation of seats by the student.**

उक्त रिक्तियॉ विगत शैक्षिक सत्र अथवा उससे पूर्व के छात्रों के पुर्नप्रवेश (Readmitted student) से परिवर्तित हो सकती है। **छात्रों को शाखा परिवर्तन अनुमन्य किये जाने के कारण उपरोक्त इंगित रिक्तियों में अभिवृद्वि, उन शाखा सह संवर्गो में भी हो सकती हैं, जिनमें रिक्तियॉ इंगित नहीं है।**

**अतः छात्र उन समस्त शाखाओं, जिसमें वह शाखा परिवर्तन के इच्छुक हों, का विकल्प अपने आवेदन में उल्लिखित शाखा वरीयता (Preference) में अवश्य इंगित करें।** शाखा परिवर्तन हेतु आवेदन में एक बार शाखा वरीयता के उपरान्त शाखा परिवर्तन विचारणीय नहीं होगा। एक बार शाखा परिवर्तन अनुमन्य किये जाने के उपरान्त किसी भी स्थिति में शाखा परिवर्तन बदला या वापस नहीं लिया जा सकेगा।

इच्छुक छात्र अपना आवेदन दिनांक 25.07.2024 से दिये गये गूगल फार्म के लिंक https://forms.gle/ScFEXGLiYF8B4tji9 के माध्यम से विलम्बतम् दिनांक 02.08.2024 सायं 04:00बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगें। निर्धारित तिथि के पश्चात् शाखा परिवर्तन का कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

शाखा परिवर्तन के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सूची उनके प्राप्तांक एवं विकल्प के विवरण सहित छात्रों के सन्दर्भ के लिये अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप के सूचना पटट् एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hbtu.ac.in पर दिनांक 03.08.2024 बजे प्रदर्शित कर दी जायेगी। आवेदक छात्र के प्राप्तांक के सन्दर्भ में किसी भी त्रुटि को आवेदक सहित किसी भी छात्र द्वारा इंगित करना हो तो वह दिनांक 05.08.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी को इसका लिखित प्रत्यावेदन दे सकता है।

दिनांक 06.08.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक छात्रों के आवेदन के आधार पर अनुमन्य किये गये शाखा परिवर्तन का आदेश अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप के सूचना पटट् एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया जायेगा।

**शाखा परिवर्तन का आवेदन करने के उपरान्त उसे वापस लेने या विकल्प में परिवर्तन करने इत्यादि का कोई भी अनुरोध किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा। छात्र के आवेदन के आधार पर आवंटित परिवर्तित शाखा में अध्ययन करना अनिवार्य होगा। अतः सभी छात्र / छात्राओं से अपेक्षा है कि शाखा परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पूर्ण रूप से विचार करने के उपरान्त ही प्रस्तुत करें।**

**(प्रो0 ललित कुमार सिंह)**
अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप

**प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवशयक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

1. समस्त सदस्यगण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना को अपने विभाग के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त छात्रावास के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
4. सिस्टम मैनेजर. एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कैम्प, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6. श्री राजीव त्रिपाठी, पटल सहायक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

**(प्रो0 ललित कुमार सिंह)**
अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप